पूर्णिया और दरभंगा एयरपोर्ट पर बनेंगे नये सिविल एन्क्लेव

चर्चा में क्यों?

30 मई, 2023 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में दरभंगा और पूर्णिया में नये सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिये भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और बिहार सरकार के बीच **MOU** की स्वीकृति दी गई।

प्रमुख बिंदु

- मंत्रिपरिषद के इस निर्णय से अब राज्य के इन दोनों एयरपोर्टों पर नये टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।
- कैबिनेट के इस फैसले के बाद जहाँ दरभंगा एयरपोर्ट पर सुविधाओं का विस्तार होगा, वहीं पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने की बाधा अब दूर हो गई है।
- एमओयू में मुख्य रूप से इन बातों का जिक्र किया गया है कि राज्य सरकार एयरपोर्ट के लिये जो ज़मीन लेगी वह बगैर एंक्रोचमेंट के उपलब्ध कराएगी। फोरलाइन से सड़क मार्ग की कनेक्टिविटी देगी। बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।
- गौरतलब है कि 'उड़ान' योजना के तहत वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया के चुनापुर एयरपोर्ट से सिविल एन्क्लेव बनाकर हवाई सेवा शुरू करने की घोषणा की थी।
- पूर्णिया में एयरपोर्ट के निर्माण से न सिर्फ सीमांचल और कोसी बल्कि आसपास के 10 ज़िलों के करोड़ों की आबादी को एयरपोर्ट का सीधा लाभ मिलेगा। फ्लाइट्स के लिये लोगों को बागडोगरा नहीं जाना होगा। एयरपोर्ट शुरू होने से ज़िले का विकास दोगुनी तेजी से होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-civil-enclaves-will-be-built-at-purnia-and-darbhanga-airports